**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–22.06.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुमला में विकास भारती बिशुनपुर का किया दौरा, महिला मंडल और कृषि स्टॉल का अवलोकन कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश।**
2. **लोहरदगा में 12 वर्षों बाद मनाया गया जनी शिकार उत्सव, पारंपरिक हथियारों के साथ पुरूषों की वेशभूषा में शिकार पर निकलीं महिलाएं।**
3. **दुमका में हूल दिवस को लेकर तैयारियाँ तेज, काठीकुंड में सांसद नलिन सोरेन की अध्यक्षता में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित हुई समीक्षा बैठक।**
4. **कोडरमा में झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ का राज्यस्तरीय सम्मेलन संपन्न, 9 जुलाई को मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति हुई तैयार।**
5. **सरायकेला–खरसावां में कल से 29 जून तक मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस, विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होंगीं खेलकूद प्रतियोगिताएं, कल सुबह ओलंपिक रन से होगा आगाज।**
6.

**समाचार विस्तार से**

**************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड स्थित विकास भारती संस्था का दौरा कर वहां की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने महिला मंडल, कारीगर और कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

**************************

**राष्ट्र** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय बदलाव से गुजरा है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत की ऊर्जा क्रांति पर ध्यान केंद्रित करते हैं– जो कि साहसिक सुधारों, रिकॉर्ड क्षमता वृद्धि और स्वच्छ, विश्वसनीय और समावेशी ऊर्जा के लिए एक मजबूत प्रयास है।

**************************

लोहरदगा जिले में 12 वर्षों के बाद महिलाओं ने पारंपरिक **जनी शिकार** उत्सव को उल्लासपूर्वक मनाया, जिसमें वे पुरुषों की वेशभूषा में लाठी–डंडे और पारंपरिक हथियार लेकर शिकार पर निकलीं। यह आयोजन पारंपरिक पूजा के साथ शुरू हुआ और विभिन्न गांवों की महिलाएं टोली बनाकर शिकार यात्रा पर निकलीं। इतिहास से जुड़ी मान्यता के अनुसार यह परंपरा रोहतासगढ़ की महिलाओं की वीरता की याद में निभाई जाती है।

**************************

उपराजधानी दुमका में 30 जून को ऐतिहासिक हूल दिवस मनाने की तैयारियाँ जोरों पर है। इसे लेकर आज सांसद नलिन सोरेन ने काठीकुंड में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमें विधायक आलोक सोरेन और जिला परिषद अध्यक्ष जयेश बेसरा भी शामिल हुए। गौरतलब है कि 26 जून को दुमका से पदयात्रा पोखरा चौक से भोगनाडीह के लिए रवाना होगी। इसके साथ ही काठीकुंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संताल संस्कृति और हूल की विरासत को प्रस्तुत किया जाएगा।

**************************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास संताल परगना दौरे के तहत आज दुमका परिसदन में मिले। दोनों नेताओं ने पार्टी संगठन के विस्तार और जनाधार को मजबूत करने पर चर्चा की। भाजपा ने इसे कार्यकर्ताओं को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण संवाद बताया है।

**************************

गढ़वा जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित गाँवों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 15 जून से शुरू होकर यह अभियान जिले के 113 गाँवों में 30 जून तक चलेगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

कोडरमा के जेजे कॉलेज में झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ का एक दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 9 जुलाई को मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारी पर चर्चा की गई। सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 500 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और महासंघ की नई कमेटी के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लंबा ने कहा कि लेबर कोड जैसे बदलावों से मजदूरों के अधिकार खतरे में हैं, इसलिए आंदोलन आवश्यक है।

मौके पर महामंत्री रामाधार शर्मा ने आउटसोर्सिंग और एनएचएम कर्मियों को मजबूत करने की बात कही, वहीं मंत्री शैलेंद्र तिवारी ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाने की बात कही।

**********************

हजारीबाग के महावीर स्थान चौक के पास एक जेवर दुकान पर अज्ञात अपराधियों ने 7 राउंड फायरिंग की। सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गश्ती तेज कर दी गई है।

**********************

मौसम विज्ञान केंद्र ने कल से 25 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। कल देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं–कहीं भारी वर्षा हो सकती है, जबकि 24 और 25 जून को खूंटी, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट के साथ निचले इलाकों में जलजमाव और फसलों को मामूली नुकसान की चेतावनी दी है।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले में कल से 29 जून तक अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रखंडों में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। ओलंपिक रन की शुरुआत कल सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर गेस्ट मैदान से बिरसा मुंडा स्टेडियम तक होगी। जिले के अलग–अलग प्रखंडों में कुश्ती, साइकिलिंग, कबड्डी, कराटे, खो–खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल और क्रॉस कंट्री रेस जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

******************